Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give closed schools functioning under Bokaro Steel Plant to private insitutes.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि आपने शून्य काल में मुझे अपने संसदीय क्षेत्र बोकारो के महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का अवसर दिया है ।

महोदय, बोकारो में छात्र-छात्राओं के अनुपात में अच्छे विद्यालयों की कमी है । बोकारो स्टील प्लांट द्वारा वहां कई विद्यालय चलाए जा रहे थे, जो आज बन्द पड़े हैं । बहुत-से अच्छे प्रतिष्ठान उस विद्यालय को चलाना चाहते हैं, जिससे बोकारो स्टील प्लांट की आमदनी भी बढ़ेगी और वहां के छात्र-छात्राओं को अवसर भी मिलेगा । इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि बन्द पड़े विद्यालय को निजी संस्थानों को दिया जाए । धन्यवाद ।